भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2732**

दिनांक 11.12.2024 को उत्तर देने के लिए

**शून्य अभियान के लक्ष्य और उद्देश्य**

2732. **श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में नीति आयोग द्वारा शून्य अभियान शुरु किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं; और

(ग) क्या उक्त अभियान का और अधिक वाहनों, विशेषकर सार्वजनिक परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों तक विस्तार किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) जी, हाँ। 'शून्य' - प्रदूषण मुक्त गतिशीलता अभियान 15 सितम्बर, 2021 को शुरू किया गया था। यह नीति आयोग द्वारा शुरु किया गया भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) इकोसिस्टम में कार्य कर रही प्रमुख कंपनियों की सहभागिता से संचालित एक अखिल भारतीय उपभोक्ता जागरूकता अभियान है।

(ख) शून्य का मुख्य उद्देश्य डिलीवरी प्रणाली और सवारी को स्वच्छ गतिशीलता की ओर आगे बढ़ाना है। शहरी वायु गुणवत्ता में सुधार, सार्वजनिक स्वास्थ्य वृद्धि और देश के सतत लक्ष्यों में योगदान करना अन्य सकारात्मक लाभ हैं।

(ग) अब तक 'शून्य' फोरम ने लगभग 220 से अधिक कॉर्पोरेट भागीदारों (घरेलू और वैश्विक) की मदद से सहयोग कर कई चैनलों के माध्यम से लगभग 10 करोड़ नागरिकों को भी शामिल किया है और प्रदूषण-मुक्त डिलीवरी के पक्ष में उनके बीच जागरूकता पैदा की है। वर्तमान में यह प्रणाली केवल डिलीवरी इकोसिस्टम और राइड हेलिंग सेगमेंट तक ही सीमित है।

*******